संख्या-18/2019/1877/22-2-2018-17(407)/2018

प्रेषक,

अमर सेन सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 08 जनवरी, 2019***

विषय:- जिला कारागार, फैजाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी इशहाक अहमद पुत्र श्री नबी बख्श, निवासी जनपद-अम्बेडकरनगर की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-31595/प्रोबे0-5/दया0(बैठक-07.08.2018) दिनांक 06-09-2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार बन्दी इशहाक अहमद पुत्र श्री नबी बख्श, निवासी-पण्डा टोला शहजादपुर, थाना- को0 अकबरपुर जिला-अम्बेडकरनगर का रहने वाला है। बन्दीद्वारा दहेज की मांग को लेकर दिनांक 07.06.2011 को 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर मिटटी का तेल डालके जलाकर 01 महिला की हत्या कारित की। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-202/2011 धारा 304बी, 498ए,323 आई0पी0सी0 व 4 डी0पी0एक्ट, के अन्तर्गत मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0-प्रथम, अम्बेडकरनगर के आदेश दिनांक 28.07.2016 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 25.10.2017 तक 01 वर्ष 09 माह 27 दिन की अपरिहार सजा तथा 01 वर्ष 11 माह 24 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस अधीक्षक द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। दयायाचिका समिति द्वारा बन्दी की काटी गयी सजा एवं जिला स्तरीय समिति द्वारा समयपूर्व रिहाई की संस्तुति न किये जाने के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी इशहाक अहमद (बंदी संख्या-7767/2016) पुत्र श्री नबी बख्श, निवासी जनपद-अम्बेडकरनगर की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

अमर सेन सिंह
विशेष सचिव।

संख्या-18/2019/1877(1)/22-2-2018 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, अम्बेडकरनगर ।
2- वरिष्ठ अधीक्षक,जिला कारागार, फैजाबाद ।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ ।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

करूणेश कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in